INDIA NON JUDICIAL

25000

पच्चीस हजार रुपये

0437 008571







विक्रय विलेख

| | |
|---|---|
| विक्रय मूल्य | : रु0 7,20,022/- |
| बाजारू मूल्य | : रु0 3,16,255/- |
| स्टाम्प शुल्क | : रु0 77,100/- |
| परगना | : बिजनौर |

यह विक्रय विलेख राम मिलन पुत्र श्री भगवान दीन व शिवराम पुत्र राम औतार निवासी-ग्राम मुजफ्फर नगर घुसवल, परगना -बिजनौर, तहसील व जिला, लखनऊ जिन्हे आगे

उप निबन्धक

23-10-2024

उप निबन्धक




04DD 006572

- 2 -

विक्रेतागण कहा गया है, एवम् राम जी कोरी पुत्र राम अवध कोरी निवासी–ग्राम दीवानगंज, पोस्ट–शीतलागंज, तहसील पट्टी, जिला– प्रतापगढ़, जिसे आगे क्रेता कहा गया है, के मध्य निष्पादित किया गया।

यह कि विक्रेतागण भूमि खसरा 121, 123, व 262 कुल रकबा 0.757 हेक्टेअर के 1/2 भाग अर्थात 0.3785 हेक्टेअर, स्थित ग्राम मुजफ्फर नगर घुसवल, परगना –बिजनौर, तहसील व जिला, लखनऊ, का मालिक, काबिज व काबिज है तथा उपरोक्त सत्यापित वार्षिक खाता खतौनी क्रम संख्या 151 के अनुसार

(57)

मुख्य पृष्ठांकित

प्रमाणित : यह प्रतिलिपि मूल के अनुसार

उप निबंधक

उप निबंधक




0283 959835



भूमि विक्रेतागण के नाम का अमल दरामद राजस्व अभिलेखों में हो गया है। विक्रेतागण अपना सम्पूर्ण हिस्सा क्रेता को इस विक्रय विलेख द्वारा विक्रय कर रहा है विक्रेतागण उपरोक्त सम्पूर्ण भूमि के मालिक, काबिल व काबिज है एवं वर्तमान समय में उक्त भूमि कृषि भूमि है, और यह कि विक्रेतागण यह घोषित करता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि सभी प्रकार के भारों से मुक्त एवं पाक व साफ है तथा विक्रेतागण ने उसे इस विक्रय के पूर्व कहीं बय, हिबा, गिरवी या अनुबन्धित इत्यादि नहीं किया है। उपरोक्त भूमि या उसका कोई भाग किसी न्यायालय या सरकारी कार्यवाही के

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. R.5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

186510

A.T.O./T.O. TRY.LKO

- 4 -

अन्तर्गत विवाद का वस्तु विषय नहीं है, न ही कुर्क इत्यादि है। विक्रेतागण के अलावा उक्त भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का स्वत्व, हक या दावा इत्यादि नहीं है, एवं विक्रेतागण को उक्त विक्रय अन्तरण करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। अतएव उपरोक्त सम्पत्ति के फलस्वरूप रु0 7,10,622/- (सात लाख दस हजार छः सौ बाईस रुपया) के प्रतिफल मे जिसको कि उपरोक्त क्रेता द्वारा विक्रेतागण को इस विलेख के अन्त में दी गई अनुसूची मे वर्णित विधि के अनुसार भुगतान कर दिया गया है एवं जिसकी प्राप्ति को विक्रेतागण यहाँ स्वीकार करता है, तदानुसार उक्त विक्रेतागण

1000 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. R$ 1000

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES



उक्त क्रेता के हाथ उपरोक्त वर्णित भूमि, जिसका विवरण इस विक्रय विलेख के अन्त मे अनुसूची के अन्तर्गत दिया गया है, को कतई बेच दिया है, एवं विक्रेतागण ने विक्रयशुदा भूमि का मौके पर कब्जा क्रेता को बखूबी करा दिया गया है। अब उक्त आराजी पर विक्रेतागण तथा उसके वारिसान का कोई अधिकार नहीं है। विक्रेतागण ने विक्रयशुदा सम्पत्ति को अपने स्वामित्व के समस्त अधिकारों के साथ पूर्णतया व हमेशा के लिए क्रेता को हस्तान्तरित कर दिया है। अब क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति एवं उसके प्रत्येक भाग को अपने एकमात्र स्वामित्व व अधिकार व कब्जे में सम्पत्ति के

100Rs

INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. Rs 100

भारत

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES

26 OCT 2006

A.T.O.T.D.



रूप में धारण एवं उपभोग व उपभोग करेंगे। विक्रेतागण उसमें किसी प्रकार की अड़चन बाधा नहीं डाल सकेंगे एवं न ही कोई मांग कर सकेंगे। और यदि विक्रयशुदा सम्पत्ति अथवा कोई भाग विक्रेतागण के स्वामित्व में त्रुटि के कारण या कानूनी अड़चन या कानूनी त्रुटि के कारण क्रेता या उसके वारिसान निष्पादकगण इत्यादि के कब्जे या अधिकार या स्वत्व से निकल जाये तो क्रेता उसके वारिसान, निष्पादकगण इत्यादि को यह हक होगा कि वह अपना समस्त नुकसान मय हर्जा व खर्चा, विक्रेतागण की चल,

अचल सम्पत्ति से जरिये अदालत वसूल कर ले। उस स्थिति में विक्रेतागण एवं उनके वारिसान हर्जा व खर्चा देने हेतु बाध्य होगा।

यह कि क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति को दाखिल खारिज राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा लें तो विक्रेतागण को कोई आपत्ति न होगी और यह कि इस विक्रय विलेख के पूर्व का अगर कोई बकाया किसी तरह का भार इस सम्पत्ति पर होगा तो उसको विक्रेतागण भुगतान व वहन करेंगे, विक्रेतागण को कोई आपत्ति न होगी।

यह कि उपरोक्त खसरा नम्बर ग्राम मुजफ्फर नगर घुसमल, अर्धनगरीय क्षेत्र के विशिष्ट ग्राम के अन्तर्गत आता है इसलिए निर्धारित सरकिल रेट रू0 11,00,000/- प्रति हेक्टेयर के हिसाब से विक्रीत भूमि 0.3785 हेक्टेयर की मालियत रू0 4,16,350/- होती है। तथा विक्रय मूल्य, भूमि की बाजारू मूल्य से अधिक है इसलिए नियमानुसार विक्रय मूल्य पर ही रू0 71,100/- जनरल स्टाम्प अदा किया जा रहा है। यह कि उपरोक्त विक्रीत भूमि कृषि के उपयोग के लिए क्रय की जा रही है। इस भूमि में कोई कुआँ, तालाब, व निर्माण आदि नहीं है, तथा 200 मी0 के अर्धव्यास में कोई निर्माण नहीं है विक्रीत भूमि किसी लिंक मार्ग, राजमार्ग व जनपदीय मार्ग पर स्थित नहीं है। विक्रीत भूमि सुल्तानपुर रोड से लगभग दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रेतागण व क्रेता दोनों अनुसूचित जाति के सदस्य हैं। इस विक्रय विलेख के निष्पादन का समस्त व्यय क्रेता द्वारा वहन किया गया है।

लिहाजा यह विक्रय पत्र हम विक्रेतागण ने क्रेता के पक्ष में लिख दिया ताकि सनद रहे और आवश्यकता पड़ने पर काम आवें।

<u>परिशिष्ट : विवरण विक्रयशुदा सम्पत्ति का विवरण</u>

भूमि खसरा 121, 123, व 262 कुल रकबा 0.757 हेक्टेयर के 1/2 भाग अर्थात 0.3785 हेक्टेयर, स्थित ग्राम मुजफ्फर नगर घुसवल, परगना –बिजनौर, तहसील व जिला, लखनऊ, जिसकी चौहद्दी निम्न है।

*खसरा न0 121 रकबा 0.200 हेक्टेयर*

| | |
|---|---|
| पूरब | : खसरा संख्या–122 |
| पश्चिम | : खसरा संख्या–119, 117 |
| उत्तर | : खसरा संख्या–127 व 138 |
| दक्षिण | : खसरा संख्या–120 |

*खसरा न0 123 रकबा 0.126 हेक्टेयर*

| | |
|---|---|
| पूरब | : खसरा संख्या–138 |
| पश्चिम | : खसरा संख्या–121 |
| उत्तर | : खसरा संख्या–137 |
| दक्षिण | : खसरा संख्या–124 |

*खसरा न0 262 रकबा 0.431 हेक्टेयर*

| | |
|---|---|
| पूरब | : खसरा संख्या–278 |
| पश्चिम | : रास्ता |
| उत्तर | : खसरा संख्या–263 |
| दक्षिण | : खसरा संख्या–261 |

## परिशिष्ट : भुगतान विवरण

कुल विक्रय मूल्य विक्रेतागण को रु0 7,10,622/- (सात लाख दस हजार छः सौ बाईस रुपया) क्रेता से प्राप्त हुए तथा जिसकी प्राप्ति विक्रेतागण स्वीकार करते हैं।

लखनऊ
दिनांक: 29.10.2004

गवाह

1.

2.


विक्रेतागण

क्रेता

टाईपकर्ता
(राम सनेही)

मसविदाकर्ता
(कैलाश रमन सिंह)
एडवोकेट


[illegible]




## रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 32ए के अनुपालन हेतु फिंगर्स प्रिंट्स

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता :

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :




दायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :




प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता :

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :



दायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :




विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 32ए. के अनुपालन हेतु फिंगर्स प्रिन्ट्स

क्रेता/विक्रेता का नाम व पता : [illegible]

बांये हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :



दांये हाथ के अंगुलियों के चिन्ह

क्रेता/विक्रेता के हस्ताक्षर

क्रेता/विक्रेता का नाम व पता : ---------------

बांये हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :

दांये हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :

विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

कार्यालय उप निबन्धक
(प्रथम)
सत्यमेव जयते
लखनऊ